# यूपी में बीयर और कोकाकोला-बिसलेरी का बॉटलिंग प्लांट लगेगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। बेल्जियम की बीयर निर्माता कंपनी एबी इनबेव यूपी में बीयर का प्लांट लगाएगी। नए प्लांट स्थापित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। कोका-कोला अपनी दो सहायक कंपनियों के जरिए 2700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसके अलावा बिसलेरी कंपनी मध्य यूपी में एक बॉटलिंग प्लांट लगाएगी। इसके लिए 200 करोड़ का निवेश होगा। यही नहीं टीयर 2 व टीयर 3 वाले शहरों में लुलु समूह अपने कारोबार का विस्तार करेगा। साथ ही एएम ग्रीन्स छह हजार करोड़ के निवेश फ्यूल मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाएगा।



■ वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हुई बैठक में बनी सहमति

**99** सौ करोड़ रुपये की नई निवेश परियोजनाएं

**27** सौ करोड़ का निवेश कोका कोला बाटलिंग प्लांट पर होगा

**01** हजार करोड़ रुपये का एबी इनबेव करेगी निवेश

## जेवर एयरपोर्ट बनाने वाली कंपनी से बातचीत

यूपी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश और ज्यूरिख के बीच बुनियादी ढांचे के विकास और विमानन संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक डैनियल बिर्चर से मुलाकात की।

## अगले दो साल में 2700 करोड़ का निवेश

कोका-कोला मून बेवरेजेज लिमिटेड के जरिए अगले दो वर्षों (2025-26) में उत्तर प्रदेश में लगभग 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, जबकि एसएलएमजी बेवरेजेज इस अवधि में लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह महत्वपूर्ण निवेश बॉटलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केंद्रित होगा, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और नए रोजगार अवसर पैदा होने की उम्मीद है। अटलांटा में स्थित कोका-कोला कंपनी पेय उद्योग में एक प्रमुख कंपनी है, जो कोका-कोला, स्प्राइट, फैंटा और डाइट कोक जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के लिए जानी जाती है। यह कंपनी 200 से अधिक देशों में काम करती है।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) डावोस में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने कोका-कोला के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी हेनरिक ब्राउन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मनोज कुमार सिंह ने इस करार को उत्तर प्रदेश की निवेश क्षमता, नवाचार, विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कंपनी एबी इनबेव के साथ भी करार किया गया। बेल्जियम स्थित वैश्विक पेय कंपनी एबी इनबेव, बडवाइज़र, कोरोना और स्टेला आर्टोइस जैसे प्रसिद्ध बीयर ब्रांडों के लिए मशहूर है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, विशेष सचिव प्रथमेश व यूपी नेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने मंगलवार को बिसलेरी इंटरनेशनल के निदेशक वेंकटा श्रीधर जी से मुलाकात की और एक करार पर दस्तखत किए। इन्हीं अधिकारियों ने लुलु समूह के एमडी युसूफ अली से मुलाकात की।